राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या– **281/2023***

राज्यपाल ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई व शुभकामनाएँ दी

पटना, 22 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है तथा हमें ईमानदारी, सच्चरित्रता, सहिष्णुता, सेवा और करूणा आदि शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में सुख, शांति और सौभाग्य लेकर आये तथा सबके जीवन में साहस, संयम और एक नई ऊर्जा का संचार करे।

राज्यपाल ने इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाने की अपील की है ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

....